PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Thursday 20th February 2014, Page: 5**
**Width: 17.24 cms, Height: 11.13 cms, a4, Ref: pmin.2014-02-20.62.60**

# रैनबैक्सी ने किया न्यूयॉर्क स्टेट से सेटलमेंट

## आरोप

इजरायल की टेवा के साथ मिलकर प्रतिस्पर्धा सीमित करने के करार का था आरोप



## असर

खबर से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से तीन फीसदी से ज्यादा चढ़ा शेयर का भाव

एजेंसियां ▸ **न्यूयॉर्क/मुंबई...**

अग्रणी दवा कंपनी रैनबैक्सी लैबोरेट्रीज ने न्यूयॉर्क स्टेट के साथ एक मामले में सेटलमेंट कर लिया है। कंपनी पर इजरायल की दवा निर्माता टेवा फार्मास्युटिकल्स के साथ बाजार में प्रतिस्पर्धा की स्थिति को सीमित करने का करार करने का आरोप था। इस खबर के असर से घरेलू बाजारों में रैनबैक्सी के शेयरों में जोरदार लिवाली देखी और कंपनी के शेयर का भाव तीन फीसदी से भी ज्यादा चढ़कर बंद हुआ।

न्यूयॉर्क स्टेट के साथ हुए सेटलमेंट के तहत रैनबैक्सी और टेवा की अमेरिका स्थित यूनिट 3 लाख करोड़ की राशि जुर्माने के रूप में देंगी। साथ ही, दोनों कंपनियां अमेरिका के बाजार में कुछ जेनरिक दवाओं की बिक्री के लिए किए गए एक्सक्लूसिव करार को भी तोड़ देंगी। दोनों कंपनियों के बीच यह करार वर्ष 2010 में हुआ था। अमेरिकी कानून के मुताबिक, किसी ब्रांडेड दवा के पेटेंट को चुनौती देने वाली कंपनी को वहां के बाजार में इसके जेनरिक वर्जन की बिक्री का 180 दिन का एक्सक्लूसिव अधिकार मिलता है। हालांकि, दूसरी कंपनियां इस अधिकार को अमेरिकी हेल्थ रेगुलेटर यूएसएफडीए के पास या कोर्ट में चुनौती दे सकती हैं। रैनबैक्सी व टेवा ने कथित तौर पर एक-दूसरे के ऐसे अधिकारों को चुनौती न देने का करार किया था। न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल एरिक शेनीडरमैन ने एक बयान में कहा है कि दवा निर्माताओं द्वारा एक-दूसरे की बाजार स्थिति को चुनौती न देने का करार करना कानून का उल्लंघन है और इससे दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के करारों से उपभोक्ताओं पर विपरीत असर पड़ता है, क्योंकि कई निर्माताओं के बाजार में आने से दवाओं की कीमतें कम रहती हैं। सेटलमेंट के तहत दोनों कंपनियों को इन आरोपों को स्वीकार या मना करने की जरूरत नहीं है। साथ ही, दोनों कंपनियों में भविष्य में इस तरह का कोई करार न करने की बात भी कही है। इस खबर के असर से बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर रैनबैक्सी के शेयर का भाव 3.12 फीसदी की बढ़त के साथ 362.15 रुपये पर बंद हुआ। एक समय तो कंपनी के शेयर का भाव 367 रुपये तक चढ़ गया था। बाजार बंद होते समय कंपनी का पूंजीकरण 15,347 करोड़ रुपये पर दर्ज किया गया।